DOON VALLEY OFFICERS COOPERATIVE HOUSING SOCIETY LIMITED

(Regd. under Co-oprative Societies Act II of 1912, Regd. No. 723 dated 7-6-1966)

VASANT VIHAR, CHAKRATA ROAD,
DEHRADUN - 248006 ☎ : 0135-2765957
email : dvochsl@outlook.com

Ref. No. 0687 /DVOCHSL/33 Dated: 20 Jan'2022

NEWS LETTER JANUARY'2022

साथियों नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनायें,

सबसे पहले हम गत वर्ष की प्रबन्धन समिति व समस्त सदस्यों का हार्दिक धन्यवाद करते हैं कि कर्नल (रि0) बी.डी. डंगवाल के नेतृत्व में बहुत प्रशानीय कार्य किया गया है। समिति के विकास के लिए हर क्षेत्र में एक उच्च स्तर का उदाहरण रहा है। वसंत विहार के सभी सदस्यों की ओर से हम आप सबको शुभकामनायें दे रहे हैं।

प्रबन्धन समिति (New management Cammittee)

महोदय/महोदया चुनाव के पश्चात् हमारी समिति की बागडोर 4 जनवरी'2022 को नई प्रबन्धन समिति (New Management) ने संभाल ली है। Committee of Management में निम्न सदस्य हैं :–

1	डॉ0 एस सी देवरानी	सभापति
2	श्री राजीव धर जयाल	उप–सभापति
3	ले0 कर्नल (रि0) एल के पुरोहित	सदस्य
4	श्री अजय कुमार लाल	सदस्य
5	श्री धीरेन्द्र शर्मा	सदस्य
6	श्रीमती नीना ग्रेवाल	सदस्य
7	श्रीमती सुनीता अग्रवाल	सदस्य

हमें पूरा विश्वास है कि आप सबके आर्शिवाद व मार्ग दर्शन से नई प्रबन्धन समिति सफलता पूर्वक चौमुखी विश्वास के पथ पर अग्रसर रहेगी। आपके सुझावों से हमें नई ऊर्जा मिलती रहेगी।

कोरोना से सावधानी – कोरोना बहुत तेजी से फैल रहा है। कृपया कोरोना के नियमों का पालन करें। लक्षण होने पर तुरन्त डॉक्टर की सलाह लें।

सोसाइटी शुल्क का भुगतान – आपको ज्ञात है कि हम सोसाइटी शुल्क बहुत कम ले रहे हैं। इतने बड़े क्षेत्र की देख रेख में प्रतिमाह का खर्च रू0 4 लाख है जबकि हमें सदस्यों से केवल प्रतिमाह रू0 1 लाख प्राप्त हो रहा है। कृपया सोसाइटी शुल्क नियत समय में दें।

01 अप्रैल 2022 से सोसाइटी शुल्क रू0 300/– प्रतिमाह है। पूरे साल की राशि 01 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक अग्रिम दी जायेगी, कृपया रू0 3600/– का भुगतान अप्रैल 2022 माह में ही कर दें ताकि हमें विकास कार्यो में खर्च करने में सुविधा रहेगी, वे सदस्य जो नियत समय में उपरोक्त राशि का भुगतान नहीं करेंगे उनसे 20% के हिसाब से विलम्ब शुल्क/दण्ड लेने का प्रावधान है।

Doon Valley Officers Co-operative Housing Society Dehradun

<u>समिति क्षेत्र की सुरक्षा</u> – हमारी प्राथमिकता समिति क्षेत्र की सुरक्षा होगी। हम पूर्ण कोशिश करेंगे कि समिति में उचित सुरक्षा व्यवस्था रहे। दिन व रात के समय गार्ड लगायें जायेंगे। पुलिस द्वारा भी सुरक्षा को मजबूत बनाया जायेगा।

<u>समिति क्षेत्र में स्वच्छता</u> – आप सबके सहयोग से हम समिति क्षेत्र को और अधिक स्वच्छ व सुन्दर बनाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। इस विषय में आप के सुझाव आमंत्रित हैं।

<u>वार्ड व समूह के डेलीगेट</u> – समिति के चुनाव में तकरीबन हर समूह व वार्ड में डेलीगेट चुने गये हैं। आपके क्षेत्र की कोई भी समस्या वार्ड/समूह डेलीगेट के ध्यान में लायें। डेलीगेट समस्या के समाधान में आपकी सहायता करेंगे।

<u>सोसाइटी की जमीन में अतिक्रमण</u> – कृपया संज्ञान में ले कि आपकी चारदीवारी के बाहर की जमीन सोसाइटी की प्रौपर्टी है। इस पर किसी तरह की तार–बाड़ या लोहे आदि कि ग्रिल लगाना वर्जित है। चार दीवारी के बाहर रैम्प बनाना या टाइल्स लगाना निषेध है। इस अतिक्रमण को सोसाइटी कभी भी हटा सकती है। अपने प्लाट के बाहर किसी प्रकार भी पक्का निर्माण बनाने से बचे। इस परिपेक्ष में आप सभी का सामुहिक सहयोग अति आवश्यक है।

<u>सोसाइटी सामुदायिक केन्द्र (Community Centre)</u> – आपको विदित है कि फेज –1 में सामुदायिक केन्द्र है जिसका रख रखाव सोसाइटी करती है। यह आपके उपयोग के लिए है। इसे किसी भी सदुपयोगी कार्य के लिए किराये पर ले सकते हैं। समिति सदस्यों के बच्चों के खेल के लिए भी वहाँ पर व्यवस्था उपलब्ध है।

<u>सोसाइटी शॉपिंग कॉम्पलेक्स</u> – शापिंग कॉम्पलैस में विभिन्न प्रकार की दुकाने आपको सुविधा के लिए हैं। शापिंग कॉम्पलैक्स के साथ शिव मंदिर है जहाँ पर एक पुजारी धार्मिक कार्यों के लिए उपलब्ध है।

<u>सोसाइटी कार्यालय में कार्य</u> – सदस्यों के द्वारा मकान के रिकार्ड के सुचारू रख रखाव के लिए हम कार्यालय द्वारा सहयोग करते हैं। कृपया सुनिश्चित करें कि आपके Nomination, मकान का नक्शा, शेयर सर्टिफिकेट एवं अन्य आवश्यक कागजात आदि की नकल कार्यालय में फाइल में उपलब्ध है ताकि भविष्य में आपको कोई कष्ट न हो।

हमारी समिति का मूल मन्त्र Co-operation है। हम सभी को इसका विशेष ध्यान रखना चाहिये। हम कुछ ऐसा करने से, जिस पर हमारे पड़ोसियों या निकट रहने वाले अन्य सदस्यों को आपत्ति हो, सदैव बचना चाहिये। किसी बड़े उदेश्य के लिए यदि कुछ Accommodate करना पड़े तो हिचकिचाना नहीं चाहिए। वसन्त विहार की शान्ति में ही हम सभी का सुख है। हमारी जरूरत में हमारे पड़ौसी ही हमारे First Aid Box हैं।

M Rawat

कैप्टन (रि0) एम पी रावत
सचिव

Doon Valley Officers Co-operative Housing Society Ltd. Dehradun

राजीव धर जयाल
उप--सभापति